Printed Pages – 7 Roll No.

J-2474

B.Com. (Third Semester)

Examination, Dec.-Jan., 2025-26

हिन्दी भाषा - 1

(AEC-03)

Time Allowed : Two Hours

Maximum Marks : 35

नोट : दिए गए प्रश्न पत्र में दो खण्ड हैं। खण्ड अ एवं ब के सभी प्रश्नों के उत्तर दें।

खण्ड-अ

(वस्तुनिष्ठ / बहुविकल्पीय प्रश्न)

Q. 1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये। **5×1=5**

सही उत्तर का चयन कीजिए :

(i) 'भारत वंदना' किसकी रचना है ?

(अ) जयशंकर प्रसाद

cguniversities.com | Join WhatsApp Channel

(ब) महादेवी वर्मा

(स) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'

(द) सुमित्रानंदन पंत

(ii) 'स्वागत' शब्द का सही संधि विच्छेद होगा :

(अ) स + आगत

(ब) स्वा + गत

(स) स्व + आगत

(द) सु + आगत

(iii) 'अधजल गगरी छलकत जाय' मुहावरे का सही अर्थ है :

(अ) अल्पज्ञ द्वारा ज्ञान प्रदर्शन

(ब) अत्यधिक बोलना

cguniversities.com | Join WhatsApp Channel

Join our WhatsApp Channel for FREE Question Papers, Syllabus & Exam Updates
More papers: cguniversities.com | Tap here to join
JOIN NOW >

(स) सम्भलकर न चलना

(द) अपनी छोटी-सी बात की प्रशंसा

(iv) 'कमल' का पर्यायवाची शब्द है :

(अ) वारिद

(ब) जलद

(स) नीरज

(द) अम्बुद

(v) 'अग्र' का विलोम शब्द है :

(अ) उग्र

(ब) पश्च

(स) अस्त

(द) पूर्व

cguniversities.com | Join WhatsApp Channel

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

Q. 2. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **5×2=10**

(i) 'भारत वंदना' कविता का भावार्थ लिखिए।

(ii) 'चोरी और प्रायश्चित' निबंध से हमें क्या शिक्षा मिलती है ?

(iii) पारिभाषिक शब्दावली क्या है ?

(iv) संधि क्या है ?

(v) उपसर्ग एवं प्रत्यय की परिभाषा लिखिए।

खण्ड-ब

(वर्णनात्मक प्रश्न)

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **4×5=20**

Q. 3. 'भोलाराम का जीव' का सारांश लिखते हुए इस व्यंग्य रचना का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

cguniversities.com | Join WhatsApp Channel

Join our WhatsApp Channel for FREE Question Papers, Syllabus & Exam Updates
More papers: cguniversities.com | Tap here to join
JOIN NOW >

अथवा

चोरी के संबंध में महात्मा गांधी के विचार उनके निबंध 'चोरी और प्रायश्चित' के आधार पर लिखिए।

Q. 4. समास की परिभाषा देते हुए तत्पुरुष समास को सोदाहरण समझाइए।

अथवा

स्वर संधि के प्रकारों का उदाहरण सहित वर्णन कीजिए।

Q. 5. मुहावरे एवं लोकोक्ति का अर्थ स्पष्ट करते हुए दोनों के अंतर को सोदाहरण समझाइए।

अथवा

हिन्दी में अशुद्धियों का वर्गीकरण करते हुए उदाहरण की सहायता में स्पष्ट कीजिए।

cguniversities.com | Join WhatsApp Channel

Q. 6. 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020' विषय पर एक सारगर्भित निबंध लिखिए।

अथवा

निम्नलिखित अपठित गद्यांश का उचित शीर्षक देते हुए सारांश लिखिए :

मनुष्य जीवन में सर्वत्र प्रकाश नहीं है, अंधकार भी है। मनुष्य में जैसे क्षमता है, वैसे ही दुर्बलता भी। मनुष्य का पतन हो सकता है, इसीलिए उसके उत्थान-पतन दृष्टिगोचर होते हैं। हिन्दी के कितने विद्वान् मनुष्य-जीवन के अंधकारमय भाग को साहित्य में देखना नहीं चाहते। पाप की विभत्स लीलाओं को वे साहित्य में से दूर ही रखना चाहते हैं, परन्तु जीवन की पूर्णावस्था प्राप्त करने के लिए हमें अपूर्णावस्था के भीतर से होकर ही जाना पड़ेगा। मनुष्य की क्षमता यही है कि वह

cguniversities.com | Join WhatsApp Channel

Join our WhatsApp Channel for FREE Question Papers, Syllabus & Exam Updates
More papers: cguniversities.com | Tap here to join
JOIN NOW >

पतितावस्था से ही उच्चतम अवस्था तक पहुँच सकता है। उसकी दुर्बलता यह है कि वह उच्चतम अवस्था प्राप्त करके भी भ्रष्ट हो सकता है। दुराचारियों की जिन वीभत्स कृतियों से हमारा चित्त उद्विग्न हो उठता है, वे भी जीवन की एक अव्यवस्था की सूचना देने के लिए आवश्यक हैं। मनुष्य के लिए अधःपतन की पराकाष्ठा जितनी सच्ची है, उतना ही सच्चा अभ्युत्थान भी। यही कारण है कि जिन विश्व कवियों ने हमें जीवन की उच्चतम अवस्था दिखलाई है, उन्होंने जीवन की निम्नतम अवस्था की भी उपेक्षा नहीं की। यही नहीं, उन्होंने श्रेष्ठ चरित्रों में भी मनुष्य की स्वाभाविक दुर्बलता प्रदर्शित कर दी है।

---

cguniversities.com | Join WhatsApp Channel

Join our WhatsApp Channel for FREE Question Papers, Syllabus & Exam Updates
More papers: cguniversities.com | Tap here to join
JOIN NOW >